रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1024] नई दिल्ली, मंगलवार, अप्रैल 11, 2017/चैत्र 21, 1939
No. 1024] NEW DELHI, TUESDAY, APRIL 11, 2017/ CHAITRA 21, 1939

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

(वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 6 अप्रैल, 2017

का. आ.1153(अ) शासी बोर्ड, वैज्ञानिक और नवीकृत अनुसंधान अकादमी अधिनियम, 2011 (2012 का 13) की धारा 28 की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और वैज्ञानिक और नवीकृत अनुसंधान अकादमी परिनियम, 2012 को उन बातों के सिवाय अधिकांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, वैज्ञानिक और नवीकृत अनुसंधान अकादमी के लिए निम्नलिखित परिनियम बनाता है, अर्थात:-

संक्षिप्त नाम और प्रारंभ- (1) इन परिनियमों का नाम वैज्ञानिक और नवीकृत अनुसंधान अकादमी परिनियम, 2017 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं:- इन परिनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -

(क) "अकादमी" से इस अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (1) के अधीन स्थापित वैज्ञानिक और नवीकृत अनुसंधान अकादमी अभिप्रेत है,

(ख) "अधिनियम" से वैज्ञानिक और नवीकृत अनुसंधान अकादमी अधिनियम, 2011 (2012 का 13) अभिप्रेत है;

(ग) "सहयुक्त संकायाध्यक्ष" से अकादमी के सहयुक्त संकायाध्यक्ष अभिप्रेत है,

(घ) "सहयुक्त निदेशक" से अधिनियम की धारा 23 के अधीन नियुक्त अकादमी का सहयुक्त निदेशक अभिप्रेत है,

(ड़) "बोर्ड" से अधिनियम की धारा 11 की उप-धारा (1) के अधीन गठित वैज्ञानिक और नवीकृत अनुसंधान अकादमी का शासी बोर्ड अभिप्रेत है;

(च) "अध्यक्ष" से अधिनियम की धारा 12 के अधीन नियुक्त बोर्ड का अध्यक्ष अभिप्रेत है,

(छ) "वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद" से सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) के अधीन 'वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद' के नाम से रजिस्ट्रीकृत सोसायटी अभिप्रेत है;

(ज) "संकायाध्यक्ष" से अकादमी के संकायाध्यक्ष अभिप्रेत है,

(झ) "निदेशक" से अधिनियम की धारा 22 के अधीन नियुक्त अकादमी का निदेशक अभिप्रेत है,

(ट) "सम्पदा" से अकादमी की कोई भी या सभी संपत्ति अभिप्रेत है, जो अकादमी द्वारा चाहे भुगतान के माध्यम से या दान और अपकृति के रूप में स्वामित्व प्राप्त या अर्जित हो और जो पूर्णत: उसकी हों परंतु इसके अंतर्गत वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान प्रयोगशाला का परिसर, मकान या भवन या वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान का अकादमी द्वारा उपयोग में लाया गया कोई परिसर, सम्मिलित नहीं है;

(ठ) "अकादमी का संकाय" से अकादमी आचार्य, विख्यात आचार्य, प्रख्यात आचार्य, प्रतिभाशाली आचार्य, आचार्य, एमिरिट्स आचार्य, ज्येष्ठ आचार्य, सहयुक्त आचार्य, सहायक आचार्य, अतिथि संकाय, सहायक संकाय और ऐसे अन्य व्यक्ति अभिप्रेत हैं, जिनको अकादमी में अकादमी द्वारा चलाई जा रही संस्थाओं में शिक्षा देने या अनुसंधान का संचालन करने के लिए नियुक्त किया जाए और जिसके अंतर्गत शिक्षा देने या अनुसंधान का संचालित करने के लिए समनुदेशित, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिक भी हैं ।

(ड) "दान" से ऐसे अभिदाय, अनुदान, वसीयती निक्षेप या अन्य, जंगम और स्थावर संपत्तियां और धन जो किसी दानदाता से अकादमी द्वारा प्राप्त किए जाते हैं, के बदले में वाणिज्यिक मूल्य की कोई सेवा या संसाधन की वचनबद्धता किए बगैर, अकादमी द्वारा उसके उद्देश्यों के अनुरूप दानदाता द्वारा दिए गए दान को पदाविहित करने और नामकरण अवसर प्रदान करने से भिन्न, अभिप्रेत है।

(ढ) "सिनेट" से अधिनियम की धारा 18 के अधीन गठित अकादमी की सिनेट अभिप्रेत है;

(ण) "परिनियम" से तत्समय प्रवृत्त अकादमी के परिनियम अभिप्रेत है,

(त) "छात्र" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है -

(i) जिसने अकादमी के किसी डिग्री या डिप्लोमा कार्यक्रम में नामांकन कराया हो और स्नातक की उपाधि प्राप्त नहीं की है या अभ्यर्थिता वापस नहीं ली हो या संबंधित डिग्री या डिप्लोमा के लिए किसी आवश्यकता को पूरा करने में विफल न रहा है, या अनुशासनात्मक कार्रवाई के परिणामस्वरूप निष्कासित नहीं कर दिया गया है; या

(ii) जो अकादमी में अध्ययन करने के लिए रजिस्ट्रीकृत है परंतु किसी डिग्री या डिप्लोमा कार्यक्रम के लिए नहीं और जिसने अध्ययन की अवधि को पूरा नहीं किया है या अभ्यर्थिता वापस नहीं ली है, या अनुशासनात्मक कार्रवाई के एक परिणाम के रूप में निष्कासित नहीं कर दिया गया है;

(थ) "उपाध्यक्ष" से शासी बोर्ड के उपाध्यक्ष अभिप्रेत है।

(2) ये उन शब्दों और पदों के, जो इसमें प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किंतु अधिनियम में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में हैं।

3. शासी बोर्ड - (1) शासी बोर्ड अकादमी का शीर्षस्थ प्राधिकरण बनाएगा ।

(2) बोर्ड की संरचना, अध्यक्ष की नियुक्ति और सदस्यों के नामांकन का तरीका, सदस्यों की पदावधि और बोर्ड की शक्तियां अधिनियम की धरा 11, 12, 13, 14, 16 और 17 के उपबंधों के अनुसार होगी ।

4. बोर्ड की बैठक - (1) बोर्ड की बैठकों की अध्यक्षता अध्यक्ष करेगा ।

(2) विभिन्न मुद्दों जैसे विदेशी छात्रों का प्रवेश, अकादमी के बौद्धिक संपदा अधिकारों पर मार्गदर्शक सिद्धांत और अध्यादेशों तथा विनियमों के अनुसार अन्य मार्गदर्शक सिद्धांत बनाना:

(3) बैठक में निर्णय सर्वसम्मति से लिया जाएगा, परंतु आम सहमति नहीं बनने की दशा में मतदान पद्धति को अपनाया जाएगा।

IndiaCode

(4) बोर्ड की बैठक एक साल में कम से कम एक बार होगी और अध्यक्ष जितनी बार उचित समझे बोर्ड की असाधारण बैठक बुला सकता है।

(5) बोर्ड़ का सचिव, बैठक की तारीख से कम से कम सात कार्यदिवस पूर्व, विचार के लिए संबंध एजेंडा के साथ बैठक की सूचना देगा:

परंतु अध्यक्ष कारण लेखबद्ध करने के पश्चात अड़तालीस घंटे का नोटिस देकर असाधारण बैठक बुला सकता है।

(6) सचिव बैठक की चर्चा को कार्यवृत्त के रूप में रिकॉर्ड करेगा और अध्यक्ष द्वारा सम्यक रूप से कार्यवृत्त को अनुमोदन के पश्चात इन्हें बोर्ड के सदस्यों के लिए प्रचालित करेगा और बोर्ड की अगली बैठक में इस कार्यवृत्त को अंतिम रूप से अंगीकार किया जाएगा।

(7) बोर्ड की कुल सदस्य संख्या का एक तिहाई बोर्ड की बैठकों के लिए कोरम का गठन करेगा।

(8) बैठक के लिए भागीदारी या तो व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक संसूचना माध्यमों द्वारा जैसे स्काइप, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, टेलीकांफ्रेंसिंग या किसी अन्य माध्यम से हो सकती है।

(9) यदि जब आदेश करने के लिए बैठक बुलाई जाने पर कोरम नहीं बनता है, तब अध्यक्ष तीस मिनट के लिए बैठक स्थगित करेगा और तत्पश्चात कोरम बनाने वाले उपस्थित सदस्यों के साथ बैठक पुन: बुला सकेगा।

(10) यदि भाग लेने वाले पचास प्रतिशत से अधिक सदस्य, अध्यक्ष को छोड़कर, प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करते हैं, प्रस्ताव को पारित समझा जाएगा और वोटों की समानता की स्थिति में, अध्यक्ष का निर्णायक मत होगा।

(11) कोई भी कारबार, अकादमी की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा खातों से संबंधित मामलों को छोड़कर, जिसका बोर्ड के लिए संचालन करना आवश्यक हो सकता है, को अपने सभी सदस्यों के बीच प्रचालित किया जाएगा और इस तरह से परिचालित और अनुमोदित कोई भी संकल्प सदस्यों के बहुमत से हस्ताक्षर किए जाने पर उसी रूप में क्रियाशील और बाध्यकारी होगा जैसे की यह संकल्प बोर्ड की बैठक में पारित किया गया हो, परंतु बोर्ड की कुल संख्या के कम से कम एक-तिहाई सदस्यों द्वारा इस संकल्प पर अपने विचार दर्ज किए गए हों।

5. सिनेट- (1) अधिनियम की धारा 18 में उपबंधित सिनेट के सदस्यों के साथ-साथ अकादमी के सभी सहयुक्त संकायाध्यक्ष सिनेट के पदेन सदस्य होंगे।

(2) सहायक निदेशक (प्रशासन और वित्त) या उसकी अनुपस्थिति में ज्येष्ठ प्रबंधक (प्रशासन) सिनेट के गैर सदस्य सचिव के रूप में कृत्य करेगा।

6. सिनेट की शक्तियां और कृत्य - अधिनियम में विनिर्दिष्ट कृत्यों के अलावा सिनेट निम्नलिखित कृत्य कर सकेगी:-

(क) अकादमी द्वारा प्रस्थापित पाठ्यक्रम बनाना, समीक्षा और पुनरीक्षण करना;

(ख) अध्यादेशों में निर्धारित प्रक्रियाओं के अधीन छात्रों के दाखिले के लिए मार्ग दर्शक सिद्धांत तैयार करना;

(ग) अध्यादेशों में निर्धारित प्रक्रियाओं के अधीन शिक्षा, शिक्षा और परीक्षा के मानकों को बनाए रखना, छात्रों का मूल्यांकन करना और ऐसी परीक्षाओं के परिणाम घोषित करना;

(घ) अकादमी के शैक्षणिक और प्रशासनिक मामलों पर सिफारिशें प्राप्त करने के लिए विभिन्न समितियों, जैसा यह उचित समझे, की नियुक्ति करना;

(ड़) समितियों की सिफारिशों पर विचार करने और अनुसमर्थन के लिए उन्हें बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करना;

(च) अकादमी के काम की आवधिक समीक्षा करना;

(छ) अकादमी की वार्षिक रिपोर्ट और अन्य प्रकाशन जो अकादमी के क्रियाकलापों के संबंध में जानकारी का प्रसार करने के लिए सुसंगत हों, तैयार करना;

(ज) अध्यादेशों के अनुसार अकादमी की सम्पदा, कर्मचारिवृंद के लिए निवास, छात्रों के लिए छात्रावास के रूप में उपयोग करना और कर्मचारिवृंद के निरीक्षण के लिए व्यवस्थाएं करना;

(झ) संकाय को ऐसे संकायों, शिक्षण विभागों, संस्थानों, विद्यालयों, केंद्रों एवं एककों तथा अध्ययन एवं शिक्षण के अन्य उप-प्रभागों में संचालित करना;

(ट) अकादमी के कार्यक्रमों और क्रियाकलापों के विस्तार, विविधीकरण और पुन: स्थितियन के लिए बोर्ड को सिफारिशें प्रस्तुत करना;

(ठ) बोर्ड को, पदों के सृजन और विद्यमान पदों के पुन:पदनाम ऐसे पदों के लिए उपलब्धियां नियत करते हुए सुझावों के साथ, सिफारिशें करना;

(ड) अध्यादेश के उपबंधों के अनुसार अध्येतावृत्तियां, छात्रवृत्तियां, अध्ययन वृत्तियां, पदक और पुरस्कार संस्थित करना और प्रदान करना;

(ढ) प्राधिकरण के समुचित अनुमोदन से अकादमी की सभी नियुक्तियों, ऐसी नियुक्तियों के लिए चयन समितियों, पदधारियों के लिए आरंभिक वेतन और नियुक्ति के लिए किए जाने वाले स्तर के प्रस्ताव का निर्णय करेगा;

(ण) किसी भी अन्य शैक्षणिक मुद्दे का समाधान करना; और

(थ) बोर्ड द्वारा निर्देशित ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करना;

7. सिनेट की बैठक.-

(क) सिनेट एक वर्ष में कम से कम तीन बार बैठक करेगी;

(ख) सिनेट अध्यक्ष अपने स्वयं की पहल पर या सिनेट सदस्यों के कम से कम पच्चीस प्रतिशत द्वारा हस्ताक्षरित माँग पर बैठक बुला सकेगा;

(ग) सिनेट का सचिव साधारण बैठक के लिए कम से कम पांच कार्य दिवस और मांग पर आयोजित बैठक के लिए कम से कम तीन कार्य दिवसों का अग्रिम नोटिस जारी करेगा;

(घ) सिनेट का अध्यक्ष सिनेट की बैठक की अध्यक्षता करेगा;

(ड़) जब सिनेट का अध्यक्ष अनुपस्थित हो उस समय सहयुक्त निदेशक (शैक्षिक) बैठक की अध्यक्षता करेगा;

(च) सिनेट की बैठक के लिए कुल सदस्यों का एक-तिहाई गणपूर्ति का गठन करेगा;

(छ) भागीदारी, व्यक्तिगत उपस्थिति द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक संचार पद्धति जैसे स्काइप, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, टेलीकांफ्रेंसिंग या संचार की किसी अन्य पद्धति के रूप में गणपूर्ति का अवधारण करने हेतु किया जा सकेगा;

(ज) यदि जब आदेश करने के लिए बैठक बुलाई जाने पर कोरम नहीं बनता है, तब अध्यक्ष तीस मिनट के लिए बैठक स्थगित करेगा और तत्पश्चात कोरम बनाने वाले उपस्थित सदस्यों के साथ बैठक पुन: बुला सकेगा।

(झ) सिनेट का सचिव सिनेट की बैठक का कार्यवृत्त तैयार करेगा और सिनेट के अध्यक्ष के अनुमोदन के साथ इस कार्यवृत्त को सभी सदस्यों में प्रचालित करेगा;

(ट) बैठक में लिए गए अकादमी के संकाय से संबंधित निर्णय को तत्पश्चात बोर्ड के समक्ष अनुसमर्थन के लिए रखा जाएगा;

(ठ) बैठक में निर्णय सर्वसम्मति से लिया जाएगा और यदि किसी कार्यसूची पर आम सहमति नहीं बन पाती है, तो इस मुद्दे पर सदस्यों के पचास प्रतिशत से अधिक के बहुमत द्वारा सिनेट के अध्यक्ष को छोड़कर, निर्णय हेतु मतदान पद्धति अपनाई जा सकेगी;

(ड) यदि किसी कार्यसूची पर मतदान पद्धति अपनाई जाती है, उस समय वोटों की समानता की स्थिति में बैठक के अध्यक्ष का निर्णायक मत होगा;

(ढ) कोई भी कारबार, अकादमी की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा खातों से संबंधित मामलों को छोड़कर, जिसका बोर्ड के लिए संचालन करना आवश्यक हो सकता है, को अपने सभी सदस्यों के बीच परिचालित किया जाएगा और इस

तरह से परिचालित और अनुमोदित कोई भी संकल्प सदस्यों के बहुमत से हस्ताक्षर किए जाने पर उसी रूप में क्रियाशील और बाध्यकारी होगा जैसे की यह संकल्प बोर्ड की बैठक में पारित किया गया हो, परंतु बोर्ड की कुल संख्या के कम से कम एक-तिहाई सदस्यों द्वारा इस संकल्प पर अपना समर्थन अभिलिखित किया गया हो।

(ण) सिनेट का निर्णय और बोर्ड की सिफारिश, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद और अकादमी के बीच किए गए समझौता ज्ञापन के अनुरूप होंगे।

8. कुलपति - (1) अध्यक्ष अकादमी का कुलपति होगा।

(2) अकादमी के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कुलपति करेगा और अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष, कुलपति के रूप में कार्य करेगा।

9. निदेशक (1) अधिनियम की धारा 22 के उपबंधों के अनुसार वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद का अध्यक्ष निदेशक की नियुक्ति करेगा ।

(2) निदेशक एक भारतीय नागरिक होगा और अकादमी का प्रमुख शैक्षणिक और कार्यकारी अधिकारी होगा जो अकादमी के प्रशासन और शिक्षा प्रदान करने, अनुसंधान और अनुशासन बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होगा ।

10. निदेशक की पदावधि और पद से हटाया जाना-(1) निदेशक की पदावधि नियुक्ति की तारीख से पांच वर्ष की होगी:

परंतु वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद का सभापति, निदेशक की पदावधि का, मूल्यांकन समिति जिसमें निदेशक की नियुक्ति के लिए खोज-बीन सह चयन समिति के कम से कम तीन सदस्य हों, जिसके अंतर्गत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष भी हैं, की सिफ़ारिश पर सत्तर वर्ष की आयु तक विस्तार कर सकेगा।

(2) अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (2) के उपबंधों के अनुसार निदेशक को उसके पद से हटाया जा सकेगा।

(3) प्रतिनियुक्ति, स्थानांतरण, चिकित्सा या अन्य अवकाश, त्यागपत्र या किसी अन्य कारण से निदेशक की अनुपस्थिति में, सबसे वरिष्ठ सहयुक्त निदेशक, निदेशक की वापसी तक या नियमित आधार पर निदेशक पद पर नियुक्ति होने तक निदेशक के कर्तव्यों का निर्वहन करेगा।

11. निदेशक की शक्तियां और कर्तव्य- (1) निदेशक -

(क) परिनियमों या अध्यादेशों द्वारा अकादमी के अन्य अधिकारियों के लिए प्रत्यायोजित निर्णयों को छोड़कर, अकादमी के बोर्ड और सिनेट द्वारा लिए गए निर्णयों को कार्यान्वित करेगा;

(ख) अनुमोदित बजट में निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन, अध्यादेशों में विहित प्रक्रियाओं और समय-समय पर बोर्ड, सिनेट और वित्त समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुसार व्यय उपगत करेगा;

(ग) वित्त समिति द्वारा अनुमोदित सीमा तक निधियों का पुनर्विनियोग करने की शक्ति होगी;

(घ) वित्त समिति की सहमति अध्यधीन और सिनेट तथा बोर्ड के अनुसमर्थन के द्वारा ऋणों, वसूली और अप्रतिसंघगीय हानियों को, बोर्ड द्वारा तय सीमा तक, को माफ करने की शक्ति होगी;

(ड़) प्राधिकरण के समुचित अनुमोदन से अकादमी की सभी नियुक्तियों, ऐसी नियुक्तियों के लिए चयन समितियों, पदधारियों के लिए आरंभिक वेतन और नियुक्ति के लिए किए जाने वाले स्तर के प्रस्ताव का निर्णय करेगा;

(च) अकादमी में प्रवेश के लिए पात्रता मानदंड के लिए मानकों या प्रवेश के लिए मूल्यांकन को नियत करने और ऐसे सभी प्रवेशों के अनुमोदन की शक्ति होगी;

(छ) वित्त समिति की सिफारिश और सिनेट द्वारा अनुमोदन के अधीन अकादमी की इमारतों, हॉस्टल, गेस्ट हाउस और अन्य अवसंचना के लिए किराया और फीस तय करेगा;

(ज) अकादमी की वार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक लेखा बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करेगा;

(झ) अकादमी में अस्थायी पदों का सृजन करेगा और सिनेट की सिफारिश और बोर्ड द्वारा अनुसमर्थन पर संविदा के आधार पर उक्त पदों में उपयुक्त व्यष्टियों की नियुक्ति करेगा;

(ट) किसी भी शैक्षणिक कर्तव्य और कृत्य सिनेट के अनुमोदन और बोर्ड के अनुसमर्थन से को आउटसोर्स करने की शक्ति होगी;

(ठ) अकादमी की ओर से सभी करारों, अनुबंधों और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करेगा;

(ड) अकादमी के शैक्षणिक कर्मचारिवृन्द के सदस्यों को अवकाश अनुदान प्रदान करने और, यथा आवश्यक, तो अकादमी के कर्मचारिवृन्द को व्यक्तिगत विकास और प्रशिक्षण हेतु भेजने की शक्ति होगी;

(ढ) विशिष्ट क्षेत्रों में अकादमी के जनादेश को आगे बढ़ाने और सलाह देने के लिए समितियों, टास्क फोर्स और कार्य समूह का गठन करने की शक्ति होगी;

(ण) बोर्ड द्वारा समय समय पर परिनियम में विनिर्दिष्ट या अध्यादेश में उपबंध द्वारा या अधिसूचना द्वारा ऐसे अन्य कर्तव्यों का अनुपालन कर सकेगा।

(2) निदेशक, अकादमी के अन्य उपयुक्त अधिकारियों को अध्यक्ष के अनुमोदन से अपनी शक्तियों का प्रत्यायोजन कर सकेगा;

12. निदेशक के लिए प्रतिकर - चयन समिति निदेशक पद के लिए व्यक्ति की श्रेष्ठता के अनुरूप प्रतिकर की सिफारिश कर सकेगी जिसमें नियत और कार्य आधारित दोनों परिवर्तनीय संघटक होंगे और जिसका अनुसमर्थन बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

13. सहयुक्त निदेशक - (1) अकादमी में पाँच सहयुक्त निदेशक होंगे, अर्थात सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक), सहयुक्त निदेशक (प्रशासन और वित्त), सहयुक्त निदेशक (छात्र संबंधी मामले), सहयुक्त निदेशक (संसाधन विकास और नेटवर्क) और सहयुक्त निदेशक (संस्थान संबंधी मामले और सूचना और संचार प्रौद्योगिकी अवसंरचना) ।

(2) बोर्ड, प्रशासनिक सुविधा या अकादमी की शैक्षणिक दक्षता के प्रयोजन के लिए, सहयुक्त निदेशक को कोई भी अन्य पदनाम समनुदेशित कर सकेगी।

14. सहयुक्त निदेशकों की नियुक्ति- (1) निदेशक, अकादमी के आचार्य या वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों, जो अकादमी की शैक्षणिक गतिविधियों में लगे हुए हों, में से अध्यक्ष के अनुमोदन से सहयुक्त निदेशक नियुक्त कर सकेगा।

(2) सहयुक्त निदेशकों के चयन के लिए एक चयन समिति का गठन किया जाएगा जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे-

(I) बोर्ड का उपाध्यक्ष - अध्यक्ष;

(Ii) निदेशक - सदस्य;

(Iii) बोर्ड के सदस्यों में से उपाध्यक्ष (वाइस चेयरपर्सन) द्वारा नामनिर्देशित बोर्ड का एक सदस्य - सदस्य;

(Iv) तीन विशेषज्ञ, जिनमें से कम से कम दो, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद से संबंधित न हों, को निदेशक की सिफारिश पर उपाध्यक्ष (वाइस चेयरपर्सन) द्वारा नामनिर्देशित किया जाएगा;

(3) चयन समिति, सहयुक्त निदेशक के पद के लिए, बोर्ड के सदस्यों, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की प्रयोगशालाओं के निदेशक और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों में से अभ्यर्थियों को ढूंढेगी।

(4) खंड (1) के प्रयोजन के लिए, चयन समिति ऐसी प्रक्रियाओं का पालन करेगी, जैसा कि यह उचित समझे।

(5) निदेशक, सहयुक्त निदेशक की नियुक्ति के लिए चयन समिति की सिफारिश, अध्यक्ष को उसके अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेगा।

IndiaCode

15. सहयुक्त निदेशकों की पदावधि (1) आरंभ में सहयुक्त निदेशकों की पदावधि नियुक्ति की तारीख से तीन वर्ष या पांच वर्ष की अवधि के लिए होगी या पैंसठ वर्ष की आयु तक होगी, जैसा भी चयन समिति की सिफारिश पर बोर्ड द्वारा निर्णय लिया जाए:

परंतु बोर्ड कारण लेखबद्ध करते हुए, सहयुक्त निदेशकों की पदावधि को उनके प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ा सकेगा।

16. सहयुक्त निदेशक का हटाया जाना- बोर्ड, तीन महीने का नोटिस देकर या तीन महीने के नोटिस के बदले में वेतन का भुगतान करने के पश्चात एक सहयुक्त निदेशक को हटा सकेगा।

परंतु बोर्ड द्वारा किसी भी सहयुक्त निदेशक को कार्यालय से तब तक नहीं हटाया जाएगा जब तक निदेशक द्वारा उसके लिए एक संकल्प के प्रस्ताव पर सिनेट और बोर्ड के दो-तिहाई बहुमत से अनुमोदित न कर दिया जाए।

17. सहयुक्त निदेशकों के कर्तव्य और शक्तियाँ - सहयुक्त निदेशक, शैक्षणिक, प्रशासनिक, वित्तीय, संचालन और पदनाम के साथ संगत अन्य कार्यों के निर्वहन में निदेशक की सहायता करेगा और निदेशक या बोर्ड द्वारा समनुदेशित जिम्मेदारियों का पालन करेगा ।

18. सहयुक्त निदेशकों के लिए प्रतिकर – निदेशक खोज-सह-चयन समिति की सिफारिश पर अभ्यर्थी की संभावित साबित क्षमता और श्रेष्ठता के अनुरूप अकादमी के सहयुक्त निदेशक

पद के लिए बोर्ड द्वारा समय-समय पर अधिसूचित प्रतिकर प्रदर्शन के आधार पर परिवर्तनीय संघटकों के अनुसार नियत करेगा।

19. संकायाध्यक्ष - (1) निदेशक, सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) के परामर्श से और अध्यक्ष के अनुमोदन से संकायाध्यक्ष नियुक्त कर सकेगा:

परंतु अध्यक्ष, सिनेट की सिफारिश के बिना और उपाध्यक्ष से परामर्श किए बिना अनुमोदन प्रदान नहीं करेगा।

(2) संकायाध्यक्ष, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों में से जो शैक्षणिक गतिविधियों में लगे हों और जो अकादमी के संकाय का हिस्सा हों और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान के साथ प्रतिष्ठित वैज्ञानिक हों, में से नियुक्त किया जाएगा।

(3) संकायाध्यक्ष अकादमी को उसके शैक्षिक कृत्यों के निर्वहन में सहायता करेगा।

(4) जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, इंजीनियरी विज्ञान, गणित और सूचना विज्ञान और भौतिक विज्ञान, प्रत्येक के लिए, एक संकायाध्यक्ष होगा।

(5) संकायाध्यक्ष की पदावधि नियुक्ति की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी, जो एक और वर्ष या ऐसी किसी अन्यून अवधि के लिए बढ़ाई जा सकेगी जो सिनेट की सिफारिश पर बोर्ड उचित समझे;

(6) बोर्ड द्वारा किसी भी संकायाध्यक्ष को कार्यालय से निदेशक द्वारा उसके लिए संकल्प के दो तिहाई बहुमत द्वारा पर हटाया जा सकेगा और वो सिनेट के दो-तिहाई बहुमत से सदस्यों द्वारा अनुमोदित से किया जाएगा।

20. संकायाध्यक्ष के कर्तव्य और शक्तियाँ (1) एक संकायाध्यक्ष संबंधित क्लस्टर जिसके लिए उसे नियुक्त किया गया है, का भारसाधक होगा और अकादमी के शैक्षणिक कृत्यों के निर्वहन में निदेशक और सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) की सहायता करेगा।

(2) संकायाध्यक्ष को कोई अन्य कार्य, जो निदेशक या सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) द्वारा आवश्यक समझा जाए, समनुदेशित किया जा सकेगा।

21. अकादमी के संकायाध्यक्ष के लिए वृत्तिका फीस - बोर्ड, सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) की सिफारिश पर निदेशक द्वारा नियत वृत्तिका फीस का अनुमोदन कर सकेगा ।

22. सहयुक्त संकायाध्यक्ष- (1) निदेशक, सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) के परामर्श से और अध्यक्ष के अनुमोदन के साथ सहयुक्त संकायाध्यक्ष को नियुक्त कर सकेगा:

परंतु अध्यक्ष, सिनेट की सिफारिश और उपाध्यक्ष से परामर्श किए बिना अनुमोदन प्रदान नहीं करेगा।

(2) सहयुक्त संकायाध्यक्ष, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों में से, जो इसके शैक्षणिक कार्यों के निर्वहन में अकादमी की सहायता के लिए शैक्षणिक गतिविधियों में लगे हुए हैं, नियुक्त किया जाएगा।

(3) जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, इंजीनियरिंग विज्ञान, गणित, सूचना विज्ञान और भौतिक विज्ञान प्रत्येक के लिए एक सहयुक्त संकायाध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा।

(4) एक सहयुक्त संकायाध्यक्ष की पदावधि उनकी नियुक्ति की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी:

परंतु कारण लेखबद्ध करते हुए, सिनेट की सिफारिश पर बोर्ड द्वारा इसे तीन वर्ष की अवधि की एक और पदावधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा ।

(5) बोर्ड एक सहयुक्त संकायाध्यक्ष को, यदि उसकी सेवाएं संतोषजनक नहीं पाई गई या किसी अन्य कारण से निदेशक लेखबद्ध करते हुए संबंधित संकायाध्यक्ष और सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) की सिफारिश पर पद से हटा सकेगा ।

23. सहयुक्त संकायाध्यक्ष की शक्तियां और कर्तव्य- (1) एक सहयुक्त संकायाध्यक्ष संबंधित क्लस्टर जिसके लिए उसे नियुक्त किया गया है, का भारसाधक होगा और अकादमी की शैक्षणिक गतिविधियों के निर्वहन में सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) और इसी क्लस्टर के संकायाध्यक्ष की सहायता करेगा।

(2) सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) और संबंधित क्लस्टर के संकायाध्यक्ष जैसा उचित समझें सहयुक्त संकायाध्यक्ष को अन्य कार्य समनुदेशित कर सकेंगे।

24. अकादमी के सहयुक्त संकायाध्यक्ष के लिए वृत्तिका फीस - निदेशक द्वारा सहयुक्त संकायाध्यक्ष के लिए नियत की गई वृत्तिका फीस को बोर्ड अनुमोदित कर सकेगा:

परंतु निदेशक, सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) को छोड़कर, की सिफारिश पर वृत्तिका फीस नियत नहीं करेगा।

25. विभिन्न प्रयोगशालाओं के लिए समन्वयकों की नियुक्ति – सिनेट, अध्यक्ष, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की प्रयोगशालाओं के निदेशकों की सिफारिश पर विभिन्न प्रयोगशालाओं के लिए समन्वयकों की नियुक्ति कर सकेगा और नियुक्ति का सिनेट की अगली बैठक में अनुसमर्थन किया जाएगा।

26. अकादमी की प्रयोगशालाओं के समन्वयकों के लिए वृत्तिका फीस - बोर्ड सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) की सिफारिश पर प्रयोगशालाओं के समन्वयकों के लिए वृत्तिका फीस नियत कर सकेगा ।

27. कार्यकारी अधिकारी और सलाहकार- (1) (क) अकादमी के कार्यकारी अधिकारियों में ऐसे अधिकारी सम्मिलित होंगे जो अकादमी के निर्विघ्न संचालन के लिए अत्यंत आवश्यक हों।

(ख) अधिकारियों में ऐसे अधिकारी समाहित होंगे जो अकादमी उचित समझे परंतु यह केवल इन पदों जैसे सहायक निदेशक (प्रशासन एवं वित्त), ज्येष्ठ प्रबंधक (प्रशासन), तकनीकी अधिकारी, पुस्तकालयाध्यक्ष या समतुल्य, सिस्टम प्रशासक, अभियंता, मीडिया अधिकारी, जन संपर्क अधिकारी, विधि अधिकारी और अन्य अधिकारी तक सीमित नहीं हैं।

(2) निदेशक, अधिनियम की धारा 33 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार लिखित संविधा के अधीन, कर्मचारियों और सलाहकारों को संविधा के आधार पर नियुक्त कर सकेगा।

(3) (क) विनियमों के उपबंधों के अध्यधीन संकाय के स्थायी सदस्यों या अन्य कर्मचारियों यथा लागू के लिए चयन प्रक्रिया, विज्ञापन प्रकाशित होने या नामनिर्देशन या आमंत्रण, यथा मामला, की तारीख से पैंतालीस दिनों के भीतर संपूर्ण होगी।

(ख) किसी अभ्यर्थी का चयन एक बार पूरा होने पर, ऐसे विस्तार के अध्यधीन जो अभ्यर्थी द्वारा स्वीकृति की दशा में सिनेट द्वारा आवश्यक समझा जाए, तीन मास के लिए विधिमान्य होगा।

(4) अकादमी, राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में और अकादमी तथा वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की प्रयोगशालाओं के नोटिस बोर्ड पर अधिसूचना द्वारा व्यापक प्रचार द्वारा नियुक्तियां करेगा।

IndiaCode

(5) (क) अकादमी की चयन समिति निम्नलिखित व्यक्तियों से मिलकर बनेगी कार्यकारी सहायकों और कार्यकारी सलाहकारों की नियुक्ति संविदा के आधार पर कर सकेगी:-

(i) एक सहायक निदेशक या उसका नामनिर्देशित अकादमी का;

(ii) अकादमी का एक अधिकारी जो संयुक्त आचार्य की पंक्ति से नीचे का न हों;

(iii) समिति के अध्यक्ष द्वारा नामनिर्दिष्ट वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की प्रयोगशालाओं के दो समन्वयक या वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की प्रयोगशाला का एक वैज्ञानिक और एक समन्वयक;

(ख) चयन समिति अभ्यर्थियों, जिन्होंने पदों के लिए अपनी अर्हताओं और अनुभव के आधार पर आवेदन किया है कि एक पैनल में से चयन कर सकेंगे।

(6) (क) अकादमी, समय समय पर आवश्यक अर्हताओं, पदावधि तथा पारिश्रमिक और विभिन्न प्रशासनिक पदों के कृत्यों के ब्योरे अधिसूचित कर सकेगी।

(ख) अकादमी में लचीली प्रतिकार पद्धति होगी जो अकादमी में श्रेष्ठ प्रतिभाशाली व्यक्तियों को लाने के लिए कार्य को मान्यता देती है।

(7) (क) अकादमी के कर्मचारियों की भर्ती के लिए, सरकार और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसन्धान परिषद् द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी आदेशों और निदेशों के अनुसार पिछड़े समुदायों एवं दिव्यांजनों के लिए उपयुक्त पदों के आरक्षण के लिए समुचित उपबंध बनाएगी।

(ख) भर्ती की प्रक्रिया पारदर्शी होगी और वह नियमित रुप से अद्यतन की जाएगी और अकादमी की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

(ग) अकादमी की आवश्यकता और कार्मिकों को बेहतर शैक्षिक अर्हताओं और तकनीकी सक्षमता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक पद की उपबंधित अर्हताओं को, यथा आवश्यक, पुन: परिभाषित किया जाएगा।

(घ) किसी भी प्रशासनिक कर्मचारीवृद का पारिश्रमिक, जिसका वित्त समिति से सहमति और निदेशक से अनुसमर्थन अपेक्षित हो, जो अकादमी द्वारा समय-समय पर उपांतरित पारिश्रमिक होगा।

(ड़) शासी बोर्ड, उपयुक्त प्रतिभाशाली व्यक्तियों को ऐसे पदों पर नियुक्ति हेतु आकर्षित करने के लिए, जो मामले-दर- मामले पर आधारित होगा, और एक नजीर नहीं होगा, यदि आवश्यक हो विद्यमान वेतनमानों से एक स्तर उच्चतर का वेतनमान पुनः स्थापित कर सकेगा।

(च) अकादमी में स्थायी, अस्थायी, प्रतिनियुक्ति और संविदात्मक नियुक्तियों पर काम करने वाले कर्मचारियों के अनुपात का विनिश्चय सीनियर और शासी बोर्ड द्वारा किया जा सकेगा। (छ) (i) अकादमी के सभी कर्मचारी पारिवारिक स्वास्थ्य संरक्षण के हकदार होंगे।

(ii) अकादमी में स्थायी, अस्थायी सभी कर्मचारी समय-समय पर अधिसूचित नियमों के अनुसार छुट्टी के हकदार होंगे।

(7) (क) गैर शैक्षणिक कार्यकारी अधिकारियों और सलाहकारों की नियुक्ति का विस्तार मामले-दर-मामले के आधार पर सहयुक्त निदेशक (प्रशासन और वित्त) की सिफारिश पर निदेशक द्वारा किया जाएगा।

(ख) सहयुक्त निदेशक एवं निदेशक का वार्षिक कार्य-आंकलन, अकादमी के अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा।

(8) (क) अकादमी के सभी कर्मचारी उनकी संविदा अवधि या विस्तारित संविदा अवधि पूरी होने के पश्चात यथा मामला, सिनेट के अध्यक्ष की सिफारिश पर तथा शासी बोर्ड की सिफारिश पर सेवांत फायदे जैसे छुट्टी बनाना, उपदान और अन्य फायदे प्राप्त करने के हकदार होंगे।

(ख) सेवांत फायदों के लिए मानक एक उप समिति द्वारा नियत किए जाएंगे जिसमें सिनेट के अध्यक्ष द्वारा गठित समिति के सदस्य भी सम्मिलित हैं ।

(9) निदेशक, गैर शैक्षिक कर्तव्य और कृत्यों को ऐसी अवधि, ऐसे क्षेत्रों में और कर्मचारीवृंद के ऐसे स्तरों पर जैसा वह उचित समझे, आउटसोर्स कर सकेगा।

28. अकादमी के कार्यकारी प्राधिकरण द्वारा कारबार का संचालन करना- (1) अकादमी के कार्यकारी प्राधिकरण और कार्यकारी अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन इस रीति से करेंगे कि अकादमी के कामकाज में उच्च कार्यक्षम स्तर प्राप्त किया जा सके।

(2) खंड (1) के प्रयोजनों के लिए, अकादमी सभी मामलों में सामंजस्य से कृत्य करेगी।

(3) कार्यकारी प्राधिकरणों की कारबार के संचालन करने की परियोजनाओं के लिए साधारण नीति मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार करने के लिए एक शीर्ष समिति का गठन किया जाएगा जिसकी अध्यक्षता निदेशक करेगा, जिसमें सभी सहयुक्त निदेशक साधारण नियुक्ति मार्गदर्शक सिद्धांत बनाने के लिए सदस्यों के रुप में सम्मिलित होंगे।

29. अकादमी का कारबार या कृत्य- (1) ऐसे कृत्य, जो प्रत्येक सहयुक्त निदेशकों की प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण के अधीन अपेक्षित है, से निदेशालय का गठन किया जाएगा जबकि दूसरे कृत्य उपयुक्त अधिकारियों को प्रत्यायोजित किए जा सकेंगे जिन्हें कार्यालय का गठन किया जाएगा।

(2) जब तक कि अभिव्यक्त रूप से अन्यथा अपेक्षित न हो, निम्नलिखित निदेशालय अकादमी के कारवार का संचालन करेंगे, अर्थात: -

(क) शैक्षणिक कार्य निदेशालय;

(ख) छात्र कार्य निदेशालय;

(ग) संसाधन विकास और नेटवर्किंग निदेशालय;

(घ) संस्थान कार्य और सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी, ई-लर्निंग और दूरस्थ शिक्षा निदेशालय; और

(ड़) प्रशासन और वित्तीय सहायता निदेशालय

(क) शैक्षणिक कार्य निदेशालय- (i) शैक्षणिक कार्य निदेशालय सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) की प्रत्यक्ष प्रयवेक्षण के अधीन कृत्य करेगा।

(ii) सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) द्वारा प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण के अधीन संकायाध्यक्ष और सहयुक्त संकायाध्यक्ष, सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) की सहायता करेंगे।

(iii) शैक्षणिक कार्य निदेशालय निम्नलिखित कृत्य करेगा-

(क) बोर्ड़, सिनेट और अध्ययन के बोर्ड की पाठ्यक्रम मॉड्यूल, पाठ्यक्रम तैयार करने और इन से जुड़े अन्य मामलों में सहायता करना;

(ख) उधार पद्धति और मूल्यांकन से संबंधित सभी मामलों को जाँचना;

(ग) परीक्षा का निरीक्षण-उसके आयोजन, परिणामों की घोषणा, पुन: परीक्षा या पुनर्मूल्यांकन के संबंध में परीक्षा का पर्यवेक्षण करना;

(घ) डॉक्टरेट समितियों का गठन और विधिमान्य करना;

(ड़) कार्य गुणवत्ता आश्वासन का अभ्यास; तथा

(च) ऐसे अन्य कृत्य जो अध्ययन बोर्ड और सिनेट द्वारा निर्देशित किए गए हों, का निष्पादन करना,

(ख) छात्र कार्य निदेशालय- (i) छात्र कार्य निदेशालय सहयुक्त निदेशक (छात्र कार्य) के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण के अधीन कृत्य करेगा।

(ii) सहयुक्त निदेशक (छात्र कार्य) के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में, संकायाध्यक्ष और सहयुक्त संकायाध्यक्ष सहयुक्त निदेशक (छात्र कार्य) की सहायता करेंगे।

(iii) छात्र कार्य निदेशालय निम्नलिखित कृत्य करेगा-

IndiaCode

(क) प्रवेश प्रक्रिया के सभी पहलुओं का निरीक्षण करना और समय-समय पर प्रवेश रचना करना;

(ख) अध्ययन के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए छात्र रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया का निरीक्षण और रूपात्मकता बनाना;

(ग) प्रवेश समिति का गठन करना;

(घ) सभी छात्रों की सभी शिकायतों और विवादों का समाधान करना;

(ड़) छात्रों, कर्मचारीवृद और पणधारियों से नियमित रुप से प्रतिक्रिया प्राप्त करना और उसके संबंध में अभिवृद्धि के लिए ऐसे कार्य करना;

(च) विदेशी छात्रों से संबंधित नीति बनाने और क्रियान्वयन के लिए नेटवर्किंग और संसाधन निदेशालय को आवश्यक सूचना उपलब्ध कराना;

(छ) ऐसे अन्य कृत्य, जो अधययन बोर्ड और सिनेट द्वारा निर्देशित किए जा सकें, का निर्वहन करना;

(ग) संसाधन विकास और नेटवर्किंग निदेशालय-

(i) संसाधन विकास और नेटवर्किंग निदेशालय, सहयुक्त निदेशक (संसाधन विकास और नेटवर्किंग) की प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण के अधीन कृत्यों का निर्वहन करेगा;

(ii) सहयुक्त निदेशक (संसाधन विकास और नेटवर्किंग) के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण के अधीन, संकायाध्यक्ष और सहयुक्त संकायाध्यक्ष, सहयुक्त निदेशक (संसाधन विकास और नेटवर्किंग) की सहायता करेंगे;

(iii) संसाधन विकास और नेटवर्किंग निदेशालय निम्नलिखित कृत्यों का निर्वहन करेगा-

(क) अकादमी के विकास और वृद्धि के लिए, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों पर व्यापक योजना क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार होगा;

(ख) उद्योगों के साथ अन्योन्यक्रिया के लिए नीति बनाना और उद्योगों, लोकहितैषी संगठनों, व्यष्टियों से निधि जुटाना;

(ग) पीठ आचार्य पदों, अध्येतावृत्तियों और उसके संबंधित अन्य मामलों तथा सरकार और अन्य स्त्रोंतों योजना वित्त पोषण के लिए निधि जुटाना;

(घ) विदेशी छात्रों के लिए छात्र कार्य निदेशालय के परामर्श से नीति बनाना और क्रियान्वयन करना तथा उसके संबंध में मार्गदर्शक सिद्धांत जारी करना;

(ड़) अकादमी के लिए शिक्षा और अनुसंधान क्रिया-कलापों के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का पोषण करना;

(च) अकादमी के अधीन विदेशी प्रशिक्षण अध्येतावृत्तियों और छात्रवृत्तियों संस्थित करना;

(छ) अकादमी के कार्य क्षेत्रों से संबंधित अंतरराष्ट्रीय रूप-रेखा से संबद्ध नियमित रुप से प्रभावी दस्तावेज, नीतिगत पेपर और प्रास्थिति रिपोर्ट प्रकाशित करना;

(ज) अकादमी के क्रिया-कलापों में नवीकृत की नीति द्वारा विकास और क्रियान्वयन, अवधारणाओं प्रक्रियाओं और पद्धतियों के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देना, पोषण करना और बनाए रखना;

(झ) अकादमी के संकायों, छात्रों और अन्य सहयुक्तों में तकनीकी और शैक्षणिक उद्यमशीलता की प्रसुविधा सुकर बनाना;

(ञ) अकादमी में अन्य पणधारियों या शिक्षा और अनुसंधान तथा विकास क्षेत्र के खिलाड़ियों के साथ मिलकर प्रवर्तित संस्कृति विकसित करना और उचित पारिस्थितिकी तंत्र का पोषण करना;

(ट) प्रवर्तित सैक्टर के लिए प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग को उत्प्रेरित करना;

(ठ) राजस्व सृजन के नए और अनूठे तंत्र की पहचान करना;

(ड) अध्ययन बोर्ड और सिनेट के द्वारा निर्देशित ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करना।

(ढ) सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, अवसंरचना, ई-लर्निंग और दूर शिक्षा निदेशालय.- (i) सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, अवसंरचना, ई-लर्निंग और दूर शिक्षा निदेशालय संघ मार्गदर्शित होगा और सहयुक्त निदेशक (संस्थान कार्य और सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी अवसंरचना) के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में कृत्य करेगा।

(द) सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, अवसंरचना, ई-लर्निंग और दूर शिक्षा निदेशालय निम्नलिखित कृत्य करेगा-

(क) अकादमी के लिए ई-लर्निंग और दूर शिक्षा नीति बनाना;

(ख) विषय वस्तु विकास का उत्तरदायित्व;

(ग) उपयुक्त विषय वस्तु वितरण मंच विकसित करने का उत्तरदायित्व;

(घ) प्रस्तावित किए जाने वाले पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता का आश्वासन देना;

(ड़) दूर शिक्षा कार्यक्रमों के अधीन प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत बनाना और छात्र कार्य निदेशालय को भी ऐसे मार्गदर्शक सिद्धांत जारी करना;

(च) दूर शिक्षा परिषद से संबंध और समन्वय स्थापित करना;

(छ) अकादमी की कॉर्पोरेट संचार इकाई के रूप में कार्य करना;

(ज) अकादमी के लिए सूचना और संचार प्रोद्योगिकी नीति का सृजन करना;

(झ) अकादमी के सूचना और संचार प्रोद्योगिकी अवसंरचना के संरक्षक के रूप में कार्य करना;

(ञ) अकादमी होम पेज या वेबसाइट, डेटाबेस और उससे जुड़े अन्य मामलों को संपोषित करना; और

(ट) अध्ययन बोर्ड और सिनेट के द्वारा निर्देशित किए गए ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करना।

(ड़) प्रशासन और वित्तीय सहायता निदेशालय - (i) प्रशासन और वित्तीय सहायता निदेशालय सहयुक्त निदेशक (प्रशासन और वित्त) के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण के अधीन कृत्य करेगा।

(ii) सहयुक्त निदेशक (प्रशासन और वित्त) द्वारा प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में संकायाध्यक्ष, सहयुक्त संकायाध्यक्ष और वित्त समिति, सहयुक्त निदेशक (प्रशासन और वित्त) की सहायता करेंगे।

(iii) प्रशासन और वित्तीय सहायता निदेशालय निम्नलिखित कृत्य करेगा-

(क) सभी चारों निदेशालयों को सभी प्रशासनिक, विधिक और वित्तीय सहायता प्रदान करना;

(ख) शिक्षा और अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय केंद्रों के साथ अकादमी के समझौता ज्ञापन से संबंधित कार्यकलापों का समन्वय करना;

(ग) अकादमी के लिए वार्षिक बजट तैयार करना;

(घ) राजस्व सृजन- अकादमी के राजस्व उत्पादन और बजट के अनुसार व्यय को मॉनिटर करना;

(ड़) अध्ययन बोर्ड और सिनेट के द्वारा निर्देशित किए गए ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करना।

30. अध्ययन बोर्ड - (1) अध्ययन बोर्ड अकादमी के शैक्षिक कार्यक्रमों के संचालन के लिए सिनेट की सहायता करेगा।

(2) सिनेट, बोर्ड के अनुमोदन से ऐसे अध्ययन बोर्ड का सृजन कर सकेगा या उनको समाप्त कर सकेगा ।

(3) जब तक कि अभिव्यक्त से अन्यथा उपबंधित न हो, अकादमी में निम्नलिखित तीन अध्ययन बोर्ड होंगे, अर्थात: -

(क) जैव और रासायन विज्ञान अध्ययन बोर्ड;

(ख) इंजीनियरी और भौतिक विज्ञान अध्ययन बोर्ड;

(ग) सूचना विज्ञान समूह और मानविकी, सामाजिक विज्ञान, विधि और प्रबंध अध्ययन बोर्ड।

(4) सिनेट, तीनों अध्ययन बोर्डों के आर-पार अंतर विषयक और परा-विषयक कार्यक्रम अर्थात्, नैनो जैव सूचना प्रौद्योगिकी कार्यक्रम आयोजित कर सकेगी।

IndiaCode

(5) अकादमी के शैक्षिक कार्यक्रमों की आवश्यकताओं के अध्ययधीन सिनेट, बोर्ड के अनुसमर्थन से, अन्य अध्ययन के बोर्ड का गठन कर सकेगी।

(6) सिनेट का अध्यक्ष, सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) के परामर्श से सिनेट की अनुज्ञा से अध्ययन बोर्ड के सदस्यों का नामनिर्दिष्ट कर सकेगा।

31. अध्ययन बोर्ड का गठन- (क) जैव और रासायन विज्ञान समूह के अध्ययन बोर्ड में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे:-

(I) सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) जो जैव और रासायन विज्ञान समूह के अध्ययन बोर्ड का अध्यक्ष होगा;

(ii) जैव और रासायन विज्ञान समूह के दो संकायाध्यक्ष, जिनमें से एक को चक्रानुक्रम के आधार पर प्रत्येक उत्तरोत्तर बैठक के लिए सह-अध्यक्ष नियुक्त होगा;

(iii) दो समूहों का प्रतिनिधित्व सिनेट से दो सदस्य करेंगे;

(iv) दो वैज्ञानिक, बोर्ड या सिनेट में नामनिर्दिष्ट वैज्ञानिकों से भिन्न, प्रत्येक समूह से एक वैज्ञानिक;

(V) दो बाह्य विशेषज्ञ, बोर्ड या सिनेट में नामनिर्दिष्ट सदस्यों से भिन्न, अधिमानत: अनुसंधान परिषद की तत्स्थानी समूह प्रयोगशालाओं या उद्योगों के सदस्य; और

(Vi) तत्स्थानी समूहों का कोई एक सहयुक्त संकायाध्यक्ष, सदस्य सचिव होगा।

(ख) इंजीनियरी और भौतिक विज्ञान समूह के अध्ययन बोर्ड में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे:-

(i) सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) जो इंजीनियरी और भौतिक विज्ञान समूह के अध्ययन बोर्ड का अध्यक्ष होगा;

(ii) इंजीनियरी और भौतिक विज्ञान समूह के दो संकायाध्यक्ष, जिनमें से एक को चक्रानुक्रम के आधार पर प्रत्येक उत्तरोत्तर बैठक के लिए सह-अध्यक्ष नियुक्त होगा;

(iii) इंजीनियरी और भौतिक विज्ञान प्रयोगशालाओं से सिनेट के दो सदस्य;

(iv) बोर्ड या सिनेट में नामनिर्दिष्ट वैज्ञानिकों से भिन्न, इंजीनियरी और भौतिक विज्ञान प्रयोगशालाओं से दो वैज्ञानिक;

(V) दो बाह्य विशेषज्ञ, बोर्ड या सिनेट में नामनिर्दिष्ट सदस्यों से भिन्न, अधिमानत: अनुसंधान परिषद की तत्स्थानी समूह प्रयोगशालाओं या उद्योगों के सदस्य; और

(Vi) तत्स्थानी समूहों का कोई एक सहयुक्त संकायाध्यक्ष, सदस्य सचिव होगा।

(ग) सूचना विज्ञान समूह और विधि, मानविकी प्रबंध विज्ञान के अंतरविषयक अध्ययन बोर्ड में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे:-

(i) सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) सूचना विज्ञान समूह और विधि, मानविकी प्रबंध विज्ञान के अंतरविषयक अध्ययन बोर्ड का अध्यक्ष होगा;

(ii) सूचना विज्ञान समूह के संकायाध्यक्ष सह-अध्यक्ष के रूप में कृत्य करेगा;

(iii) अध्ययन के तत्स्थानी क्षेत्रों से सिनेट के दो सदस्य;

(iv) बोर्ड या सिनेट में नामनिर्दिष्ट वैज्ञानिकों से भिन्न, प्रयोगशालाओं या प्रभागों से दो वैज्ञानिक;

(V) दो बाह्य विशेषज्ञ, बोर्ड या सिनेट में नामनिर्दिष्ट सदस्यों से भिन्न, अधिमानत: अनुसंधान परिषद की तत्स्थानी समूह प्रयोगशालाओं या उद्योगों के सदस्य; और

(Vi) तत्स्थानी समूहों का कोई एक सहयुक्त संकायाध्यक्ष, सदस्य सचिव होगा।

32. अध्ययन बोर्ड की शक्तियां और कृत्य - (1) अध्ययन बोर्ड की निम्नलिखित शक्तियां और कृत्य होंगे, अर्थात्:-

(क) सिनेट को अध्ययन के पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या को आरंभ किए जाने और अनुगमन किए जाने की सिफारिश करना;

(ख) अध्यादेशों के अध्ययधीन अकादमी में आचार्य पद और अन्य सहायक संकाय पदों के सृजन हेतु सिनेट को सिफारिश करना;

(ग) अकादमी के अधीन नए शिक्षण केंद्र और लर्निंग आउटरीच केन्द्रों की स्थापना करना और सम्मिलित किए जाने के संबंध में सिफारिश करना;

(घ) अनुसंधान, शिक्षण, पाठ्यक्रम विकास और इससे जुड़े अन्य मामलों को बढ़ावा देने के लिए विशेष समितियां और कार्यदल स्थापित करना;

(ड़) अकादमी को अंतर-विषयक और परा-विषयक क्षेत्रों में विशेष अध्ययन कार्यक्रमों को आरंभ करने के लिए और भारत में और विदेश में उच्च शिक्षा के अन्य संस्थानों और विश्वविद्यालयों के साथ आपसी संसाधन साझा करने के प्रोटोकॉल को विकसित करने में सक्षम किए जाने के लिए उपबंध बनाने के संबंध में सिनेट के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करना;

(च) परीक्षाओं का पर्यवेक्षण करना और डिग्री प्रदान करना;

(छ) अकादमी द्वारा प्रस्तावित शिक्षण कार्यक्रमों में गुणवत्ता आश्वासन का पर्यवेक्षण करना;

(ज) अकादमी की सिनेट द्वारा अनुमोदन के अध्ययधीन और बोर्ड द्वारा अनुसमर्थन तथा अध्यादेशों के उपबंधों के अध्ययधीन एक वर्ष की अवधि से अनधिक के लिए संविदात्मक और अन्य असाधारण आज्ञा को अग्रसर करने हेतु अपेक्षित संविदात्मक और अन्य असाधारण वचनबद्ध या रिटेनरशिप को कर सकेगा।

(झ) सत्र संबंधी कार्य के मूल्यांकन के लिए साधारण नियम बनाना;

(ञ) शिक्षण और अनुसंधान के स्तर में सुधार के लिए योजनाओं पर विचार करना और अनुमोदन के लिए सिनेट के समक्ष ऐसे प्रस्तावों को प्रस्तुत करना;

(ट) अकादमी की साधारण समय-सारणी बनाना;

(ठ) अध्यादेशों में उपबंधित ऐसे अन्य सभी कृत्यों का निर्वहन करना और ऐसे सभी मामलों, जो उसे निर्देशित किए जा सके, पर विचार करना;

(ड) अध्ययन बोर्ड द्वारा समय-समय पर लिए गए निर्णय के अनुसार ऐसी साधारण या विशेष शक्तियां, संकायाध्यक्ष या अध्ययन बोर्ड किसी अन्य सदस्य को या एक समिति को, जैसा वह उचित समझे, प्रत्यायोजित करना;

33. अध्ययन बोर्ड की बैठक.- (1) प्रत्येक अध्ययन बोर्ड की बैठक या तो साधारण या विशेष होगी।

(2) साधारण बैठक सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) और संबंधित संकायाध्यक्ष द्वारा एक वर्ष में दो बार आयोजित की जाएगी।

(3) सहयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) या संबंधित संकायाध्यक्ष स्वप्रेरणा पर विशेष बैठक बुला सकेंगे या यह अकादमी के कुलपति के सुझाव पर बुलाई जाएगी या अध्ययन बोर्ड के सदस्यों के कम से कम पांचवें भाग से प्राप्त एक लिखित अनुरोध पर बुलाई जाएगी।

(4) संबंधित विषय का संकायाध्यक्ष थीसिस के पुनर्विलोकनकर्ता या विषय, शीर्षक या गाइड परिवर्तन या ऐसे अन्य कार्यकलापों जिनका अध्ययन बोर्ड द्वारा अनुसमर्थन कराया जाएगा, का विनिश्चय कर सकेगा।

(5) बैठक वस्तुत: उपस्थिति द्वारा या विभिन्न सुरक्षित संचार पद्धतियों जैसे स्काइप, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, टेलीकांफ्रेंस और अन्य संचार पद्धतियों का उपयोग करके आयोजित की जा सकेगी।

34. अध्ययन बोर्ड की पदावधि और उसका विघटन.- (1) अध्ययन बोर्ड की पदावधि तीन वर्ष होगी और जिसका उसकी पदावधि पूरा होने के बाद पुनर्गठन किया जाएगा।

(2) बोर्ड, सिनेट की सिफारिश पर एक या सभी अध्ययन बोर्ड को भंग कर सकेगा, परंतु ऐसे विघटन के लिए एक प्रस्ताव सिनेट की बैठक में प्रस्तुत और साधारण बहुमत से पारित कर दिया गया हो ।

35. बैठक की सूचना- (1) अध्यन बोर्ड की बैठक की सूचना विशेष बैठक से भिन्न, बैठक के लिए नियत दिन से कम से कम सात दिन पूर्व जारी की जाएगी,

परंतु विशेष बैठक कम से कम पाँच दिन की सूचना से नियत की जा सकेगी;

(2) शैक्षणिक वर्ष के आरंभ में बैठकों के आयोजन के लिए कैलेंडर बनाया जाएगा।

36. बैठक संचालन की प्रक्रिया- (1) संबंधित अध्ययन बोर्ड का अध्यक्ष अध्ययन बोर्ड की बैठक का संचालन करने के लिए प्रक्रियाओं का विनिश्चय कर सकेगा।

(2) गणपूर्ति बनाने के लिए कम से कम एक-तिहाई सदस्यों, जिसके अंतर्गत दो संकायाध्यक्ष या सहयुक्त संकायाध्यक्ष भी हैं, की वस्तुत: उपस्थिति द्वारा या विभिन्न सुरक्षित संचार पद्धतियों जैसे स्काइप, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, टेलीकांफ्रेंस और अन्य संचार पद्धतियों द्वारा भागीदारी आवश्यक होगी।

परंतु सूचना विज्ञान समूह के अध्ययन बोर्ड की बैठक गणपूर्ति बनाने के लिए या तो संकायाध्यक्ष या सूचना विज्ञान समूह के सहयुक्त संकायाध्यक्ष सम्मिलित होंगे।

37. वित्त समिति (1) सभी वित्तीय मामलों के संबंध में विचार करने और सिनेट को सिफारिश प्रस्तुत करने के लिए एक वित्त समिति होगी।

(2) वित्त समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात: -

(क) अकादमी का निदेशक, जो समिति का अध्यक्ष होगा;

(ख) सहयुक्त निदेशक (प्रशासन और वित्त) - सदस्य;

(ग) सहयुक्त निदेशक (संसाधन विकास और नेटवर्क) - सदस्य;

(घ) अध्यक्ष द्वारा नामनिर्दिष्ट एक वित्तीय विशेषज्ञ - सदस्य;

(ड़) सिनेट के अध्यक्ष द्वारा नामनिर्दिष्ट सिनेट का एक सदस्य- सदस्य और

(च) सहायक निदेशक (प्रशासन और वित्त) या उसकी अनुपस्थिति में ज्येष्ठ प्रबंधक (प्रशासन) सचिव होगा।

38. वित्त समिति की शक्तियां और कृत्य (1) वित्त समिति निम्नलिखित कृत्य करेगी-

(क) आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अकादमी का बजट और वित्तीय योजना तैयार करना;

(ख) बोर्ड के समक्ष अनुदानों और धन के सभी प्रस्तावों पर सिफारिश देना, जो कि बोर्ड के समक्ष रखने से पूर्व विचार-विमर्श के लिए वित्त समिति को विनिर्दिष्ट किया जाएगा;

(ग) अकादमी की किसी विशिष्ट पहल पर जिसमें वित्तीय विवक्षा हो, पर सिफ़ारिश करना;

(घ) अकादमी के उचित और पृथक खाते, पूरे ब्योरे सहित रखना और प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के छह महीने के भीतर लेखा परीक्षा करवाना;

(ड़) बोर्ड और सिनेट द्वारा निर्देशित ऐसे अन्य वित्तीय कृत्यों का निर्वहन करना।

39. वित्त समिति के नामनिर्दिष्ट सदस्यों की पदावधि - वित्त समिति के नामनिर्दिष्ट सदस्य नामांकन के समय पर विनिर्दिष्ट अवधि या जब तक नया नामांकन न कर दिया जाए, जो भी पहले हो, के लिए इस समिति के सदस्य होंगे।

40. वित्त समिति की बैठकों के लिए गणपूर्ति - (1) वित्त समिति की बैठक में गणपूर्ति पूरा करने के लिए कम से कम तीन सदस्यों की भागीदारी आवश्यक होगी, जिनमें से कम से कम एक वित्तीय विशेषज्ञ होगा।

(2) बैठक में भागीदारी, या तो वस्तुत: उपस्थिति से या विभिन्न सुरक्षित संचार पद्धतियों जैसे स्काइप, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, टेलीकांफ्रेंस और अन्य संचार पद्धतियों के उपयोग द्वारा, बैठक की गणपूर्ति के लिए की जा सकेगी।

41. **बोर्ड, सिनेट, अध्ययन बोर्ड और उप-समितियों के सदस्यों की हकदारी.-** बैठक में वस्तुत: उपस्थिति द्वारा या विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक संचार पद्धतियों जैसे स्काइप, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, टेलीकांफ्रेंस और अन्य संचार पद्धतियों के

IndiaCode

उपयोग द्वारा हाजिर होने वाले बोर्ड, सिनेट, अध्ययन बोर्ड और समय-समय पर गठित उप-समितियों के अन्य सदस्य निम्नलिखित के हकदार होंगे, अर्थात:-

(क) अकादमी द्वारा समय समय पर जारी अधिसूचनाओं के अनुसार मानदेय या बैठक फीस

(ख) बैठक में उपस्थित होने के लिए यात्रा में उपगत व्यय की प्रतिपूर्ति

(ग) आवास की व्यवस्था या इसके बदले, बैठक में हाजिर होने के लिए आवास के लिए व्यय की प्रतिपूर्ती

42. अनुसंधान संस्थान, प्रयोगशालाएं, केन्द्र और इकाइयां- (1) संस्थान या प्रयोगशालाएं या केन्द्र या वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की घटक इकाइ जो निम्न सारणी के स्तंभ (2) में विनिर्दिष्ट की गई है, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान अकादमी की अनुसंधान संस्थान या प्रयोगशालाएं या केन्द्र या घटक इकाइयां होंगी और अनुसंधान संस्थान या प्रयोगशालाएं या केन्द्र या परिषद की घटक इकाइयों की वेबसाइट के पते, उक्त सारणी के स्तंभ (3) में विनिर्दिष्ट किया गया है।

सारणी

क्रम सं	सीएसआईआर प्रयोगशाला / केन्द्र / इकाइयों का नाम	HTTP://www
(1)	(2)	(3)
1.	सीएसआईआर-प्रगत पदार्थ तथा प्रक्रम अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर - एम्प्री) भोपाल	ampri.res.in
2.	सीएसआईआर- केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीबीआरआई), रुड़की	cbri.org.in
3.	सीएसआईआर-सेलुलर और आण्विक जीव विज्ञान केन्द्र (सीएसआईआर-सीसीएमबी) हैदराबाद	ccmb.res.in
4.	सीएसआईआर-केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीडीआरआई), लखनऊ	cdri.res.in
5.	सीएसआईआर-केंद्रीय विद्युत रसायनिक अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीईसीआरआई), कराइकुडी	cecri.res.in
6.	सीएसआईआर-सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी	ceeri.res.in
7.	सीएसआईआर-केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीएफटीआरआई), मैसूर	cftri.com
8.	सीएसआईआर-सेंट्रल ग्लास और सिरेमिक रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएसआईआर-सीजीसीआरआई), कोलकाता	cgcri.res.in
9.	सीएसआईआर-केंद्रीय औषधीय तथा सुगंधित पौधा संस्थान (सीएसआईआर-सीमैप), लखनऊ	cimap.res.in
10.	सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीआईएमएफआर), धनबाद	cimfr.nic.in
11.	सीएसआईआर-केंद्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीएलआरआई), चेन्नई	clri.nic.in
12.	सीएसआईआर-केंद्रीय यांत्रिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीएमईआरआई), दुर्गापुर	cmeri.res.in
13.	सीएसआईआर-चौथाई प्रतिमान संस्थान (सीएसआईआर-4PI), बंगलौर (पूर्व,	cmmacs.ernet.in

IndiaCode

	गणितीय मॉडलिंग और कंप्यूटर सिमुलेशन के लिए सीएसआईआर-सेंटर)	
14.	सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीआरआरआई), नई दिल्ली	crridom.gov.in
15.	सीएसआईआर-केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन (सीएसआईआर-सीएसआईओ), चंडीगढ़	csio.res.in
16.	सीएसआईआर-केंद्रीय नमक और समुद्री रसायन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआइ), भावनगर	csmcri.org
17.	सीएसआईआर – जिनोमिकी और समवेत जीव विज्ञान संस्थान (सीएसआईआर -आईजीआईबी), नई दिल्ली	igib.res.in
18.	सीएसआईआर-हिमालय जैवसंसाधन प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर-आईएचबीटी), पालमपुर	ihbt.res.in
19.	सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक जीवविज्ञान संस्थान (सीएसआईआर-आईआईसीबी), कोलकाता	iicb.res.in
20.	सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद (सीएसआईआर-आईआईसीटी)	iictindia.org
21.	सीएसआईआर-भारतीय एकीकृत औषध संस्थान (सीएसआईआर - आईआईआईएम), जम्मू	iiim.res.in
22.	सीएसआईआर- भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, (सीएसआईआर-आईआईपी), देहरादून	iip.res.in
23.	सीएसआईआर- भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर - आईआईटीआर), लखनऊ	iitrindia.org
24.	सीएसआईआर-खनिज एवं पदार्थ प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर - आई एम एम टी), भुवनेश्वर	immt.res.in
25.	सीएसआईआर- सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर-इमटैक), चंडीगढ़	imtech.res.in
26.	सीएसआईआर- राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशालाएं (सीएसआईआर-एनएएल), बंगलौर	nal.res.in
27.	सीएसआईआर-राष्ट्रीय वानस्पतिक अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनबीआरआई), लखनऊ	nbri.res.in
28.	सीएसआईआर-राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनसीएल), पुणे	ncl-india.org
29.	सीएसआईआर-राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-नीरी), नागपुर	neeri.res.in
30.	सीएसआईआर-उत्तर-पूर्व विज्ञान और प्रौद्योगिकी (सीएसआईआर-**एनईआईएसटी**) संस्थान, जोरहाट	neist.res.in
31.	सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनजीआरआई), हैदराबाद	ngri.org.in
32.	सीएसआईआर-राष्ट्रीय अंतर्विषयी विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संस्थान	niist.res.in

IndiaCode

	(सीएसआईआर-एनआईआईएसटी), तिरुवनंतपुरम	
33.	सीएसआईआर-राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान (सीएसआईआर-एनआईओ) संस्थान, गोवा	nio.org
34.	सीएसआईआर-राष्ट्रीय विज्ञान संचार और सूचना अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-निस्केयर), नई दिल्ली	niscair.res.in
35.	सीएसआईआर-राष्ट्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और विकास अध्ययन (सीएसआईआर- **निस्टैड्स**) संस्थान, नई दिल्ली	nistads.res.in
36.	सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनएमएल), जमशेदपुर	nmlindia.org
37.	सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनपीएल), नई दिल्ली	nplindia.org
38.	सीएसआईआर-स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग रिसर्च सेंटर (सीएसआईआर-एसईआरसी), चेन्नई	serc.res.in
39.	सीएसआईआर-सूचना उत्पादों के अनुसंधान और विकास के लिए इकाई (सीएसआईआर-युआरडीआईपी), पुणे	urdip.res.in
40.	सीएसआईआर मुख्यालय और इसकी अन्य इकाइयां	csir.res.in
41.	सीएसआईआर-मानव संसाधन विकास केंद्र (सीएसआईआर-एच आर डी सी)	csirhrdc.res.in
42.	सीएसआईआर-पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी (सीएसआईआर-टी के डी एल)	tkdl.res.in

IndiaCode

(2) संस्थान या प्रयोगशालाएं या केन्द्र या वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की घटक इकाइयों के संसाधन और अवसंरचना, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान अकादमी और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के बीच हुए समझौता ज्ञापन के अनुसार अकादमी को उपयोग के लिए उपलब्ध होंगे।

टिप्पण - यदि भविष्य में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की एक प्रयोगशाला या इकाई का सृजन होता है, तो यह अनुसंधान संस्थान समझा जाएगा और यदि किसी भी प्रयोगशाला का विलय कर दिया जाता है या वैज्ञानिक और औद्योगिक परिषद के शासी निकाय द्वारा उसे बंद कर दिया जाता है तो तत्स्थानी प्रयोगशाला या केंद्र या इकाई, अकादमी का अनुसंधान संस्थान या केन्द्र या इकाई नहीं रहेंगी।

43. अकादमी के संकाय पद- इस प्रयोजन के लिए वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की प्रयोगशालाओं और उसकी घटक इकाइयों से चुने गए वैज्ञानिकों पर अकादमी के संकाय और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों के रूप में कृत्य करने की दोहरी भूमिका होगी ।

(2) वैज्ञानिक, संकाय के ऐसे पदनाम धारण करेंगे जो वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद अपने विभिन्न स्तर के वैज्ञानिकों के लिए उचित समझे।

(3) वैज्ञानिकों का चयन सिनेट द्वारा अनुमोदित संकाय के मार्ग-दर्शक सिद्धांतों के आधार पर किया जाएगा।

(4) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद का महानिदेशक, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों में से तैयार की गई संकाय सदस्यों की सूची, प्रख्यात वैज्ञानिकों और अवकाश प्राप्त वैज्ञानिकों सहित को सिनेट के अनुमोदन के लिए उसके पास सूची को अग्रेषित करेगा।

(5) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद का महानिदेशक अकादमी के संकाय वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद से तैयार की गई सूची में तत्पश्चात कोई भी परिवर्तन कर सकेंगे।

(6) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद से चयन किए गए संकाय के सभी पद अवैतनिक होंगे और उनकी सेवानिवृत्ति या वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद से सेवानिवृत्ति के पश्चात एक साथ समाप्त होंगे।

परंतु, प्रतिष्ठित सेवामुक्त आचार्य या विशिष्ट आचार्य के रूप में या एक प्रायोजित आचार्य पद के रूप में, उनके द्वारा धारित किए गए पदों के अनुरूप पारिश्रमिक के साथ, बोर्ड के अनुमोदन से सेवानिवृत्ति के पश्चात संकाय सदस्यों की सेवाओं का लाभ उठाया जा सकेगा।

(7) सिनेट आकलन और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों की नियुक्ति के पश्चात समय-समय पर संकाय की सूची को अद्यतन करेगा।

(8) अकादमी, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों, जो सेवानिवृत्त हैं, को निदेशक की सिफारिश पर, पदनाम से अकादमी के संकाय सदस्यों के रूप में नियुक्त कर सकेगा।

